


# विम्बलडन के सेमीफाइनल में सबालेंका और फ्रिट्ज

## पहला सेट हारने के बाद सबालेंका ने की वापसी



**लंदन 8 जुलाई. विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका ने मंगलवार को विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर जर्मनी की अनुभवी खिलाड़ी लौरा सीगमंड को 4-6, 6-2, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। लगभग तीन घंटे तक चले इस कड़े मुकाबले में सबालेंका को सीगमंड की अप्रत्याशित खेल शैली से कड़ी चुनौती मिली।**

दुनिया में 104वें स्थान पर काबिज 37 वर्षीय सीगमंड ने अपनी चिप, चॉप और ड्रॉप शॉट से सबालेंका की शक्तिशाली खेल शैली को बेअसर करने की कोशिश की। उन्होंने खेल के पुराने दौर की याद दिलाते हुए अपनी स्लाइस और चतुराई से शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को परेशान किया।

हालांकि, 10 साल छोटी और शारीरिक रूप से मजबूत सबालेंका ने धीरे-धीरे मैच पर अपनी पकड़ बनाई। पहले सेट में पिछड़ने के बाद, उन्होंने अगले दो सेट जीतकर मैच अपने नाम किया।

### फ्रिट्ज खाचानोव को हरा पहली बार विम्बलडन के अंतिम चार में



पुरुष वर्ग में, दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज ने मंगलवार को करेन खाचानोव पर 6-3, 6-4, 1-6, 7-6 से प्रभावशाली जीत दर्ज करते हुए अपने करियर में पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अमेरिकी खिलाड़ी फिट्ज ने शुरुआती दो सेट में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने लगभग 90 प्रतिशत फर्स्ट सर्व सफलता दर हासिल की और 16 ऐस लगाए। खाचानोव ने तीसरे सेट में 5-0 की बढ़त बनाकर वापसी की और इसे 6-1 से जीता। चौथे सेट में भी खाचानोव ने 2-0 की शुरुआती बढ़त ली थी, लेकिन फ्रिट्ज ने जल्द ही अपनी सर्विस गेम से वापसी की और अगले गेम में ब्रेक लेकर स्कोर बराबर कर दिया। कड़े संघर्ष के बाद, फ्रिट्ज ने चौथे सेट को टाईब्रेक में जीता और मैच अपने नाम किया।

# भारत इंग्लैंड के खिलाफ बढ़त मजबूत करना चाहेगा

**मैनचेस्टर, 8 जुलाई.** भारत को अगर इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतनी है तो कप्तान हरमनप्रीत कौर और आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को बुधवार को यहां होने वाले चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

**हरमनप्रीत और शेफाली को दिखाना होगा दम**

**इंग्लैंड बराबरी के लिए डंकले-व्याट पर निर्भर**

भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है, लेकिन इंग्लैंड ने पिछले सप्ताह ओवल में खेले गए तीसरे मैच में पांच रन की जीत के दौरान मेहमान टीम की कुछ कमजोरियों को उजागर किया था। शेफाली ने इस मैच में 25 गेंदों पर 47 रन और हरमनप्रीत ने 17 गेंदों पर 23 रन बनाए, लेकिन दोनों बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अब तक भारत की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभाली है और वे इन दो अनुभवी खिलाड़ियों से और अधिक सहयोग की उम्मीद करेंगे। शेफाली विशेषकर अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होगी क्योंकि आठ महीने बाद टीम में वापसी के बाद से वह अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाई हैं। उन्होंने पहले दो मैच में 20 और तीन रन बनाए थे। हरमनप्रीत पहले मैच में नहीं खेल पाई थी। उन्होंने दूसरे मैच में वापसी की जिसमें वह एक रन ही बना सकी थी। उन्हें हरलीन देओल की जगह लिया गया था.



### टीमें इस प्रकार हैं

भारत- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, यास्तिका भाटिया, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड:** टैमी ब्यूमोंट (कप्तान), एम अर्लट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स, पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग, माइया बाउचियर।

# दीप्ति टी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचीं


## सादिया इकबाल से आठ रेटिंग अंक पीछे



**दुबई, 8 जुलाई. भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी 20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और इस तरह से अपने करियर में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर खड़ी हैं।**

दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकतर समय टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद वह कभी नंबर एक गेंदबाज नहीं बन पाई।टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में दीप्ति को एक स्थान का फायदा हुआ है और उन्होंने आस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे है।

> दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी नवीनतम रैंकिंग में सुधार किया है और यह ऑफ स्पिनर अंतिम दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है।



# साल दर साल स्टोक्स की गिर रही फॉर्म

## माइकल आथर्टन ने गिल की तारीफ की

**लंदन, 8 जुलाई.** पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन ने एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में मेजबान टीम की भारत के हाथों शर्मनाक हार के बाद कहा कि बेन स्टोक्स की बल्लेबाजी फॉर्म में पिछले कुछ वर्षों में लगातार गिरावट आई है, विशेषकर ऐसे समय में जब उन्हें आलोचनाओं का सामना कर रही इंग्लैंड टीम की आगे बढ़कर अगुवाई करनी चाहिए।

आथर्टन का मानना है कि कप्तान के रूप में तीन साल के अपने कार्यकाल में भारत के खिलाफ श्रृंखला स्टोक्स की नेतृत्व क्षमता की सबसे कड़ी परीक्षा है। स्टोक्स ने अपने 13 शतकों में से आखिरी शतक एशेज के दौरान लॉर्ड्स में लगाया था जिसे दो साल हो चुके हैं। वह बृहस्पतिवार से लार्ड्स में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए उतरेंगे। आथर्टन ने लिए अपने कॉलम में लिखा, लगातार मैच खेलना, कम आराम, भारी हार और खराब निर्णय की उनकी समस्याओं में बल्ले से उनकी फॉर्म ने इजाफा किया है जिसमें उनके पद संभालने के बाद साल दर साल गिरावट देखी गई है।

> उन्होंने कहा, स्टोक्स स्पिन के खिलाफ अस्थिर दिखे हैं जबकि उनके भारतीय समकक्ष ने दबदबा बनाया है। इस श्रृंखला में गिल की वापसी बहुत अच्छी रही है और एजबेस्टन में जीत उनकी दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प से प्रेरित थी। आथर्टन ने कहा, इंग्लैंड के पास गिल के स्टंप को निशाना बनाने , गेंद को उनके पैड में मारने की योजना थी लेकिन वह आउट होने की स्थिति में नहीं दिखे।

# टेनिस खिलाड़ियों को हर हफ्ते हाई प्रेशर झेलना पड़ता है



## विराट कोहली ने टेनिस के दबाव की तुलना भारत-पाक मैच और विश्व कप फाइनल से की

**लंदन, 8 जुलाई.** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि टेनिस खिलाड़ी हर सप्ताह जिस तरह के दबाव का सामना करते हैं, उसकी तुलना क्रिकेट में केवल विश्व कप के नॉकआउट और भारत बनाम पाकिस्तान के मैच से की जा सकती है।

विंबलडन में टेनिस दिग्गज विजय अमृतराज के साथ बातचीत में कोहली ने कहा, मुझे लगता है दोनों खेलों में यह अनुभवी (दबाव की स्थितियों में) एक जैसा हो सकता है। हम इस तरह के दबाव (टेनिस खिलाड़ियों के जैसा) का सामना भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप मैच में या विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल में महसूस करते हैं। उन्होंने टेनिस खिलाड़ियों के धैर्य, फिटनेस और मानसिक मजबूती की सराहना करते हुए कहा कि वे क्वार्टरफाइनल से फाइनल तक बहुत अधिक दबाव का सामना करते हैं। कोहली का मानना है कि क्रिकेट में टेनिस के मुकाबले वापसी का कम मौका मिलता है। उन्होंने कहा, क्रिकेट में मेरे कौशल (बल्लेबाजी) से जुड़ी एक और चुनौती यह है कि आपको सिर्फ एक मौका मिलता है। आपके पास वापसी करने के ज्यादा मौके नहीं होते हैं। आप एक गलती करते हैं और बाकी दिन आप बल्लेबाजी नहीं कर पाएंगे। लेकिन टेनिस में खिलाड़ी दो सेट गंवाने के बाद भी वापसी कर जीत सकते हैं।

### जोकोविच की जीत की उम्मीद

कोहली ने उम्मीद जताई कि सर्बिया के नोवाक जोकोविच इस साल विंबलडन चैंपियन बनने के साथ अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम जीतेंगे। उन्होंने बताया कि वह जोकोविच के साथ कुछ समय से संपर्क में हैं और उनके बीच संदेशों का आदान-प्रदान हुआ है। कोहली ने कहा कि उनके लिए जोकोविच और स्पेन के कार्लोस अल्काराज के बीच फाइनल मुकाबला किसी सपने की तरह होगा। उन्होंने कहा, मैं फाइनल में कार्लोस (अल्काराज) और नोवाक को देखना चाहता हूं और शायद नोवाक खिताब जीतें क्योंकि यह उनके करियर के इस पड़ाव पर उनके लिए बहुत बड़ा होगा, और वह सर्वकालिक महान खिलाड़ी होने और सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम जीतने के हकदार हैं।

## एक नजर में

### दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को रौंदा

**बुलावायो.** दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन मंगलवार को यहां जिम्बाब्वे की दूसरी पारी को 220 रन पर समेट कर उसे पिछले 20 साल में पारी से सबसे बड़ी शिकस्त दी ।दक्षिण अफ्रीका ने महज तीन दिन के अंदर पारी और 236 रन की शानदार जीत दर्ज की ।विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम ने इसके साथ ही श्रृंखला में 2-0 से सूपड़ा साफ किया। दक्षिण अफ्रीका ने कार्यवाहक कप्तान वियान मुल्डर के नाबाद 367 रन के दम पर पांच विकेट पर 626 रन बनाकर पारी घोषित की थी। जिम्बाब्वे की टीम सोमवार को अपनी पहली पारी में 43 ओवर में 170 रन पर आउट हो गयी थी जिसके बाद उसे फॉलोऑन दिया गया। टीम मंगलवार को अपनी दूसरी पारी में 220 रन पर आउट हो गयी ।जिम्बाब्वे की टीम ने इस मैच में कुल 390 रन बनाये जो मुल्डर के स्कोर से सिर्फ 23 रन अधिक था ।मुल्डर का चोटिल टेम्बा बावुमा और केशव महाराज की अनुपस्थिति में कप्तान के तौर पर यह पहला टेस्ट मैच था। उन्होंने बल्ले से योगदान देने के साथ तीन विकेट भी चटकाए और तीन कैच लपके। वह मैच और श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये।

### अस्मिता लीग का मांडविया ने किया उद्घाटन

**मोदीनगर.** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को भारोत्तोलन के साथ शुरू हुई अस्मिता लीग के 2025 सत्र का उद्घाटन किया ।भारोत्तोलन वारियर्स अकादमी में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में 42 लड़कियां आठ वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी ।मांडविया ने कहा,हमारा मिशन हर स्तर पर अवसर पैदा करना और फिर प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें तैयार करना है। मैं देख रहा हूं कि यहां आए इन बच्चों की आंखों में कुछ कर गुजरने की ललक है। मुझे यकीन है कि हम एक और मीराबाई चानू ढूंढ़ने में सक्षम होंगे। मीराबाई चानू से बेहतर आदर्श कोई नहीं हो सकता।'' चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अस्मिता (महिलाओं को प्रेरित करके खेल उपलब्धि हासिल करना) में 15 खेलों में 852 लीग की योजना बनाई गई है जो लीग और प्रतियोगिता के माध्यम से महिलाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया के लिंग तटस्थ मिशन का एक हिस्सा है।

### सबसे कीमती आईपीएल फ्रेंचाइजी बनी आरसीबी


**मुंबई.** आईपीएल खिताब के 17 साल के सूखे के अंत से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मूल्यांकन बढ़कर 26 करोड़ 90 लाख डॉलर हो गया जिससे यह फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को पछाड़कर मूल्यांकन के मामले में शीर्ष पर पहुंच गई है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया। एक निवेश बैंक हुलिहान लोके की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा संचालित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मूल्यांकन 13.8 प्रतिशत बढ़कर तीन अरब 90 करोड़ डॉलर हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक व्यवसाय के रूप में आईपीएल का मूल्य 12.9 प्रतिशत बढ़कर 18 अरब 50 करोड़ डॉलर हो गया है। अंबानी परिवार द्वारा संचालित मुंबई इंडियन्स का मूल्यांकन 24 करोड़ 20 लाख डॉलर तक बढ़ गया है जिससे यह दूसरी सबसे कीमती फ्रेंचाइजी बन गई है। निराशाजनक सत्र के बाद इंडिया सीमेंट्स के एन श्रीनिवासन के स्वामित्व वाला सीएसके एक साल पहले के शीर्ष स्थान से 2025 में तीसरे नंबर पर खिसक गया।

# मुश्ताक मोहम्मद की भारत लौटने की इच्छा

## पूर्व पाक कप्तान ने जन्म स्थान जूनागढ़ को किया याद

**लंदन, 8 जुलाई. पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मुश्ताक मोहम्मद भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन टेस्ट के चौथे दिन ऐसी टाई पहनकर आए, जिस पर भारतीय ध्वज बना हुआ था, उस देश का तिरंगा जिसे उन्होंने छह साल की उम्र में छोड़ दिया था और उनकी दिली इच्छा एक बार फिर से भारत आने की है।**

इस 81 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर का जन्म गुजरात के जूनागढ़ में हुआ था। वह अभी बर्मिंघम में रहते हैं और वहां रहकर खुश हैं लेकिन एक बार फिर से उस स्थान पर जाना चाहते हैं जहां उनका जन्म हुआ था। मुश्ताक जब क्रिकेट खेला करते थे तब दो बार भारत आए थे। वह पहली बार 1961 में टेस्ट श्रृंखला खेलने के लिए और फिर 1978 में अहमदाबाद में दिलीप सरदेसाई लाभार्थ मैच के लिए भारत आए थे।



> पूर्व ऑलराउंडर ने कहा, दोनों ही मौकों पर मैं जूनागढ़ नहीं जा सका और दुर्भाग्य से उसके बाद मैं कभी भारत नहीं जा पाया। मुश्ताक ने भाषा के माध्यम से गुजरात से जुड़ाव बनाए रखा है। वह गुजराती भाषा को अच्छी तरह समझते हैं लेकिन वह उसे बोल या पढ़ नहीं सकते। मुश्ताक अपने अच्छे मित्र बिशन सिंह बेदी के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए, जो अब इस दुनिया में नहीं रहे।

# अब भी मेरा लक्ष्य 90 किग्रा वजन उठाना

## स्नैच की तकनीक में बदलाव किया : मीराबाई चानू




**मोदीनगर, 8 जुलाई.** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने घोषणा की है कि स्नैच में 90 किलोग्राम वजन उठाने का उनका लक्ष्य अभी भी बरकरार है। चोटों से जूझने के कारण पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद से उन्होंने प्रतिस्पर्धा नहीं की है, लेकिन तकनीक में हालिया बदलावों ने उनके आत्मविश्वास को फिर से जगाया है।

> चानू ने कहा, मेरा लक्ष्य अब भी 90 किग्रा है। मैं (2026) एशियाई खेलों में पूरी ताकत से प्रतिस्पर्धा करूंगी। मणिपुर की यह खिलाड़ी 2019 से 90 किग्रा का लक्ष्य रखा है, लेकिन प्रशिक्षण में इस बाधा को पार करने के बावजूद वह प्रतियोगिता में उस सफलता को दोहराने में नाकाम रही हैं। चानू ने बताया कि 2026 एशियाई खेलों से पहले वह इस साल विश्व चैंपियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगी, जहां 48 किग्रा वर्ग में बेहतर होने के लिए आवश्यक आकलन किया जाएगा। उन्होंने स्वीकार किया कि जूनियर खिलाड़ी भी अब 90 किग्रा का आंकड़ा पार कर चुके हैं, जिससे उन्हें प्रेरणा मिलती है।

**बोले मुल्डर** लारा का रिकॉर्ड नहीं तोड़ूंगा, वियान मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 367 रन बनाए

# बड़े रिकॉर्ड बड़े खिलाड़ियों के पास ही रहें



**बुलावायो, 8 जुलाई ( वार्ता )** वियान मुल्डर के पास जिम्बाब्वे के खिलाफ बुलावायो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में ब्रायन लारा के नाबाद 400 के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका था। दूसरे दिन जब लंच हुआ तब मुल्डर 367 के स्कोर पर नाबाद ही पवेलियन गए थे लेकिन ब्रेक के दौरान कार्यवाहक कप्तान मुल्डर ने पारी घोषित कर दी और वह लारा का रिकॉर्ड इसलिए तोड़ने नहीं गए क्योंकि उन्हें लगा कि यह रिकॉर्ड लारा के ही नाम रहना चाहिए।

दिन के खेल के बाद सुपरस्पोर्ट पर शॉन पोलक को दिए साक्षात्कार में मुल्डर ने कहा, सबसे पहले मैंने सोचा कि हमने पर्याप्त रन बना लिए हैं और अब हमें गेंदबाज़ी करनी चाहिए। और दूसरी बात यह कि ब्रायन लारा एक लीजेंड हैं। उन्होंने 401 (नाबाद 400) या जो भी इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था। और उनके स्तर के किसी खिलाड़ी के पास यह रिकॉर्ड रहना खास है। मुझे लगता है कि अगर मुझे दोबारा यह मौका मिला तब भी मैं ऐसा ही करूंगा।

> मुल्डर ने कहा, मैं शुक्स (शुक्री कॉनराड, दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच) से बात कर रहा था और उन्होंने भी मुझसे यही बात कही कि बड़े स्कोर बड़े खिलाड़ियों के पास ही रहने दिया जाना चाहिए। यह नहीं पता कि मेरे भाग्य में क्या है लेकिन लारा जैसे खिलाड़ी के पास यह रिकॉर्ड रहना वाकई खास है। मुल्डर ने कई अन्य रिकॉर्ड अपने नाम किए, वह हाशिम अमला (नाबाद 311) के बाद टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने वाले केवल दूसरे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी बने। उन्होंने कहा कि कीर्तिमानों के समीप आकर उन्होंने गाना गाकर खुद की भावनाओं को नियंत्रित किया। और ईमानदारी से कहूं तो जब मैंने हैश (अमला) के स्कोर को पार किया तब मुझे खुद भी पता नहीं चला। मैं यही सोच रहा था कि अभी तो मैं 300 पर था। लेकिन यहां तक पहुंचना निश्चित तौर पर मेरे लिए खास था।

### मातिगिमु पर लगा तेज गेंदबाजी का जुर्माना



जिंबाब्वे के तेज गेंदबाज कुंदई मातिगिमु पर यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन 'अनुचित और खतरनाक' तरीके से गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी के 72वें ओवर के दौरान हुई जब मातिगिमु ने गेंदबाजी करने के बाद वापसी आई गेंद को रोका और बल्लेबाज लुआन डि प्रीटोरियस की ओर फेंका जो उनकी कलाई पर लगी। मातिगिमु ने खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के नियम 2.9 का उल्लंघन किया। आईसीसी ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि यह 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान) फेंकने' से संबंधित है। इस तेज गेंदबाज ने अपराध और मैच रेफरी रंजन मदुगले द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया जिससे औपचारिक सुनवाई नहीं हुई। यह 24 महीने की अवधि में जिंबाब्वे के इस तेज गेंदबाज का पहला अपराध था। दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान वियान मुल्डर के नाबाद 367 रन की बदौलत पहली पारी पांच विकेट पर 626 रन बनाकर घोषित की। जिंबाब्वे को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा और उस पर पारी की हार का खतरा मंडरा रहा है